# बुंदेलखंड समेत प्रदेश में फार्मा इंडस्ट्री को मजबूत करेगी सरकार

## हैदराबाद में औद्योगिक संगठनों के साथ शुरू हुई बैठक में बोले सीएम के सलाहकार

माई सिटी रिपोर्टर



फार्मा कंपनियों व उद्योग संगठनों की बैठक में सीएम के सलाहकार व अन्य। स्रोत : संगठन

**कानपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से हैदराबाद में सोमवार को फार्मा कंपनियों और उद्योग संगठनों से जुड़े लोगों की बैठक आयोजित की गई। तीन दिवसीय इस बैठक का मुख्य उद्देश्य फार्मा कारोबारियों से प्रदेश के अन्य जिलों की फार्मा इकाइयों में निवेश कराना है जिससे फार्मा के क्षेत्र में प्रदेश बेहतर हो सके।

बैठक में उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने बताया कि यह बैठक महत्वपूर्ण है। फार्मा इंडस्ट्री के हब हैदराबाद के फार्मा उद्योग से जुड़े उद्यमियों को यूपी के बुंदेलखंड, पश्चिमी सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर निवेश के लिए तैयार करना है। यहां डॉ. रेड्डीज, ऑरोरे लाइफ साइंस, रामकी ग्रुप, फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

बैठकों का उद्देश्य फार्मास्युटिकल विनिर्माण, चिकित्सा अनुसंधान तथा सतत औद्योगिक अवसंरचना में निवेश की संभावनाओं का अन्वेषण करना है। निवेश के लिए तैयार ललितपुर फार्मा पार्क, हाथरस औद्योगिक क्षेत्र, बुलंदशहर और संडीला जैसे स्थलों को प्रस्तुत किया गया। कंपनियों ने विनिर्माण इकाइयों की स्थापना, अनुसंधान सहयोग तथा अवसंरचना भागीदारी में दिलचस्पी दिखाई।

अवनीश अवस्थी ने बताया कि कंपनियों और औद्योगिक संगठनों को अगले महीने तीन फरवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले फार्मा कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह कॉन्क्लेव निवेश अवसरों को प्रदर्शित करने, फार्मास्युटिकल विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार के उभरते केंद्र के रूप में उत्तर प्रदेश की भूमिका को और मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण मंच होगा।